**Regarding information related to number of employees under SC/ST/OBC categories working in PSUs, Educational Institutions and Research Centres-Laid**

श्री धर्मेन्द्र यादव **(**आज़मगढ़**) :** मैं भारत सरकार के सारे मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन आने वाले सारे सार्वजनिक उपक्रमों तथा शैक्षिक संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या के बारे में निम्न जानकारी मुहैया कराने का निवेदन करता हूँ:-

1. भारत सरकार के श्रेणी ?ए? एवं ?बी? के कुल कर्मचारियों की संख्या का कितना प्रतिशत व संख्या (वास्तविक नंबर) दलित, आदिवासियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं?

2. ऊपर उल्लिखित सभी इकाइयों में कितनी स्वीकृत संख्या है?

3. उन सभी में कितनी रिक्तियां हैं? व कब से हैं?

4. उन सभी रिक्तियों में दलित आदिवासियों व अन्य पिछड़ा वर्ग से कितने आते हैं?

ऊपर मांगी गई जानकारी को एक प्रक्रिया का हिस्सा बताकर जो जवाब दिए जा रहे हैं उससे हटकर, आज एक निश्चित तारीख पर जो संख्या है उसे बताने का कष्ट करें? सतत प्रक्रिया की बजाय आज की तारीख के आंकड़े बताएं ।